ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश, बदमाशों ने ट्रैक पर दो जगह सीमेंट के ब्लॉक रखे

सराधना और बांगड़ ग्राम रेलवे स्टेशन के बीच दो स्थानों पर बदमाशों ने सीमेंट के 70 किलो वजनी ब्लॉक रख दिये

अजमेर, (कासं)। प्रदेश में 17 दिन में तीसरी बार ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश हुई है। इस बार अजमेर में सराधना और बांगड़ ग्राम रेलवे स्टेशन के बीच दो स्थानों पर बदमाशों ने सीमेंट के 70 किलो वजनी ब्लॉक रख दिए। गनीमत रही कि ट्रेन इन्हें तोड़ते हुए आगे निकल गई और कोई हादसा नहीं हुआ।

मामला फुलेरा से अहमदाबाद मार्ग पर रविवार रात का है। उजागर सोमवार रात्रि में हुआ। यह मालगाड़ी फुलेरा से अहमदाबाद जा रही थी। इस मामले में मांगलियावास थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सिविल पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल मिलकर मामले में अनुसंधान कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार इससे पहले 28 अगस्त को बारां के छबड़ा में मालगाड़ी के ट्रैक पर बाइक का स्क्रैप फेंका गया। इस घटना में इंजन बाइक के कबाड़ से टकरा गया। वहीं 23 अगस्त को पाली में अहमदाबाद-जोधपुर वंदे भारत ट्रैक पर रखे सीमेंट ब्लॉक से टकरा गई थी। हालांकि, बड़ा हादसा होने से टल गया था।

एक किमी के दायरे में दो जगह पर सीमेंट के ब्लॉक रखकर ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश नाकाम हुई।

दो जगह रखे गए थे ब्लॉक

रिपोर्ट :- डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन (डीएफसीसी) कर्मचारी रवि बुंदेला और विश्वजीत दास ने दर्ज करवाई रिपोर्ट के अनुसार 8 सितंबर की रात 10:36 बजे सूचना मिली कि ट्रैक पर सीमेंट का ब्लॉक रखा हुआ है। मौके पर पहुंचे तो पाया कि वह टूटकर गिरा हुआ है। एक किमी आगे एक और ब्लॉक टूट कर साइड में रखा हुआ था। ये दोनों ब्लॉक अलग-अलग जगह पर रखे हुए थे। इसके बाद डीएफसीसी और रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स ने मिलकर सराधना से बांगड़ ग्राम स्टेशन तक पेट्रोलिंग की। इस दौरान स्थिति सामान्य पाई गई। एक किमी के दायरे में 2 जगहों पर सीमेंट के ब्लॉक रखकर ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश थी।

असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर हरिकिशन मीणा ने बताया कि रविवार की रात को 10:36 बजे बांगड़ ग्राम स्टेशन अधीक्षक ने सूचना दी। इसके बाद ट्रैक जांचा गया। एक किमी के दायरे में आमने-सामने की लाइन में 2 जगहों पर ब्लॉक पाए गए, जो इंजन के टकराने से टूट गए थे। सराधना से बांगड़ ग्राम तक स्टाफ ने पेट्रोलिंग की। ब्लॉक टकराने के अलावा सब कुछ सामान्य था। मामले में मांगलियावास थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।

- **फुलेरा से अहमदाबाद जा रही मालगाड़ी बेपटरी होते-होते बची, ट्रेन इन्हें तोड़ते हुए आगे निकल गई और कोई हादसा नहीं हुआ, थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की**

इस मामले में अजमेर के मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय के जनसम्पर्क निरीक्षक से जानकारी चाही गई तो ज्ञात हुआ कि उनका इस मामले में सीधा कोई सरोकार नहीं है। प्रकरण डीएफसीसी से जुड़ा हुआ है, इसलिए आगे की कार्यवाही भी वे ही कर रहे है। मुकदमा दर्ज कराया गया है। ट्रेक को नुकसान नहीं है।

श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी

अजमेर, (कासं)। शास्त्री नगर स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चल रहे गणपति महोत्सव कार्यक्रम में सत्संग हाल में विराजे गजानन महाराज के दर्शन व पूजा पाठ के लिए सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

मंदिर समिति के प्रवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष डॉ. एसडी मिश्रा ने बताया कि यूथ क्लब द्वारा गणेश चतुर्थ पर पूर्ण विधि विधान से विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापना की थी। प्रतिदिन महोत्सव में धार्मिक आयोजन किए जा रहे है। सोमवार को विशेष शृंगार किया तथा सिद्धि विनायक मोदक का भोग लगाकर पूजा अर्चना की। धार्मिक आयोजनों में आरती एवं व्यवस्था में अशोक शर्मा, राजेश दाधीच, संजय मंगल, आशीष भटनागर, अमरीश वैष्णव, दिनेश सोनी, संजीव चतुर्वेदी, अजय गोयल, डॉ.एसडी मिश्रा सहित महिला मंडल की रानी सक्सेना, खुशबू दाधीच, शीला मिश्रा, गीता भटनागर, इन्द्रा शर्मा सेवाएं दी। मंदिर के पुजारी पंडित शिव कुमार जोशी ने विधि विधान से पूजा अर्चना की श्रद्धालुओं के तिलक लगाकर प्रसाद का वितरण किया। डॉ. मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत 15 सितम्बर को छप्पन भोग की झांकी, 16 सितम्बर गणेशजी की प्रसादी की जाएगी तथा 17 सितम्बर को सुबह 10 बजे विसर्जन किया जाएगा।

पत्नी ने पति को रंगरेलियां मनाते हुये पकड़ा

भीलवाड़ा, (निसं.)। विजयराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज भीलवाड़ा के एक चिकित्सकक की घिनौनी करतूत सामने आई है। किराए के मकान में रंगरेलियां मना रहे चिकित्सक को उसकी पत्नी ने रंगे हाथों पकड़ा तो आरोपी चिकित्सक ने पत्नी और उसके परिजनों के साथ मारपीट की। वहीं रंगरेलिया माना रही लड़की के साथ मौके से फरार हो गया।

मूलतः जयपुर की रहने वाली प्रियंका पति कृष्ण कुमार सूरेला ने बताया कि 30 मार्च 2023 को कृष्ण कुमार पिता मोतीलाल सुरेला, अजमेरी जिला सीकर निवासी के साथ उसका हिंदू रीति-रिवाज के साथ विवाह हुआ था, लेकिन शादी के पहले दिन से ही कृष्ण कुमार उससे दूरियां बनाए हुए था और उससे बात करने में भी कतराता था। कुछ दिन बाद ही कृष्ण कुमार पढ़ाई का बहाना कर भीलवाड़ा मेडिकल कॉलेज में आ गया और पत्नी से बात करना बिल्कुल बंद कर दिया। उसकी इन हरकतों की वजह से जब प्रियंका को आशंका हुई कि वह अन्य किसी महिला के संपर्क में है तो आज वह अपने माता-पिता के साथ भीलवाड़ा पहुंची और सांगानेर रोड पर किराए के मकान में रह रहे कृष्ण कुमार के कमरे पर गई जहां वह मेडिकल कॉलेज की ही एक अन्य छात्र के साथ रंगरेलियां मनाते हुए मिला। यह देख पत्नी के पैरों तले जमीन खिसक गई, लेकिन आरोपी चिकित्सक ने उसकी एक नहीं सुनी और उसके और उसके माता-पिता के साथ हाथापाई और मारपीट कर मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ मौके से भाग छूटा।

पीड़ित पत्नी का कहना है कि कृष्ण कुमार मेडिकल कॉलेज भीलवाड़ा में माइक्रोबायोलॉजी में पीजी कर रहा है और सांगानेर रोड पर किराए के मकान में रहकर रंगरेलियां करते हुए पकड़ा गया है। पीड़िता ने इस संबंध में सुभाष नगर थाने में रिपोर्ट दी है जिसकी फिलहाल पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

निरीक्षण किया

भीलवाड़ा, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार आज अजय शर्मा, (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), अध्यक्ष ,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाडा ने जिले मे संचालित राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह, पालडी का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला एंव सेशन न्यायाधीश अजय शर्मा ने प्रिसींपल मजिस्ट्रेट श्रीमती देवागंनी ओदिच्य से किशोरो के लंबित प्रकरणों एवं उनकी प्रगति के बारे में जानकारी ली। अधीक्षक गौरव सारस्वत से किशोरो के स्वास्थय तथा उनको दी जा रही अन्य चिकित्सा सुविधाओं , भोजन व अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई।

NAME CHANGE

I, Army No18005890K Rank : L/HAV, Name: DEEPAK SINGH Residing at Vill.- NAGLA TARAI Post- KHALIMAHUWAT Teh.- KHATIMA, Dist- UDHAM SINGH NAGAR State- UTTRAKHAND Pin- 262308 have change my Daughter's name from ROSHNI SINGH to ROSHANI vide affidavit No. BW 150805 Date 07-09-2024 before court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, DEEPA PUNDIR, is Spouse of Army No. 18001864L, Rank : L/HAV, Name: DESHRAJ, Residing At Vill. TIGRA, Post NAHARPUR, Teh: JAGADHRI, Dist- YAMUNA NAGAR, State HARYANA, Pin-135001 have change my Name from DEEPA to DEEPA PUNDIR vide Affidavit No. BW 150811 Dated 09/09/2024 before Court campas Nasirabad

हाइवे पर यातायात जाम होने से यात्री परेशान

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। लघु उद्योग भारती ने मार्बल औद्योगिक क्षेत्र स्थित मेगा हाईवे मार्ग सहित राष्ट्रीय हाईवे मार्ग पर नितरोज यातायात अवरुद्ध होने पर केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी को ज्ञापन सौंपकर मलबे में तब्दील सड़को को ठीक करने की मांग की। साथ ही उपखंड अधिकारी निशा सहारण को आमजन से जुडी विकट समस्या से अवगत कराया। अध्यक्ष उमेश गोयल ने बताया की मकराना चौराहे से रूपनगढ़ की तरफ जाने वाला मेगा हाईवे मार्ग अत्यंत जर्जर एवं क्षितग्रस्त हो चुका है। सड़कों पर गहरे गड्ढे होने से दिनभर वाहनों की लंबी कतारे लगी रहती है।

गहरे गड्ढों से बचने के लिए वाहन चालक रॉन्ग साइड जाकर गाड़ियां निकालने का प्रयास करते है तो आये दिन दुर्घटना होती रहती है। लंबे जाम व अव्यवस्थित यातायात के संदर्भ में इससे भी बदतर हाल जयपुर हाईवे मार्ग का है, हाइवे पर नई पुलिया का निर्माण हो रहा है।

कार्य धीमी गति से चलने के अलावा क्षितग्रस्त रोड के कारण किशनगढ़ से जयपुर जाने में 4-5 का समय लग रहा हैं। जहां लंबे जाम लग रहे हैं, उन जगहों को चिन्हित कर वहां ट्रैफिक पुलिस की उचित व्यवस्था कराई जाए। इस दौरान चित्तौड़ प्रांत सहमंत्री दीपक शर्मा, अध्यक्ष उमेश गोयल, कोषाध्यक्ष प्रकाश भोमावत, प्रहलाद अग्रवाल, सुनील बल्दवा, मनोज अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, नरेश बजाज सहित अन्य उद्यमी उपस्थित रहे।

गणपति बप्पा मोरिया के गूंजे जयकारे

मसूदा, (निसं)। कस्बे में गणेश चतुर्थी पर्व पर शुरू हुए दस दिवसीय महोत्सव में दोनों समय आरती, पूजा-अर्चना, भजन संध्या, गरबा सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कस्बे मे गणेश चतुर्थी को विभिन्न स्थानों पर पाडांल बनाकर भगवान गणेश जी प्रतिमा विराजित की गई। अजमेरीगेट के पास बने पांडाल में कस्बेवासियों ने गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे लगाते हुए जमकर गरबा किया। नव युवक मंडल के सदस्य राकेश जीनगर ने बताया कि दस दिवसीय धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन गरबा नृत्य सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इस दौरान मंगलाराम जीनगर, सुनील जीनगर, महेंद्र, हनुमान, विकास गौड़, दीपक, रवि, गोपाल, वीरेन्द्र, ध्रुव,मनीष, रामवतार नरेंद्र व गोपाल आदि मौजूद रहे।

कुमावत समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। कुमावत समाज की और से अग्रसेन बिहार में प्रतिभा सम्मान समारोह, सांस्कृतिक संध्या, वार्षिक गोष्ठी, खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नवयुवक मंडल अध्यक्ष बालस्वरूप बरनोटा ने बताया कि गोष्ठी में करीब दो हजार समाज बंधुओ ने भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षा, खेलकूद, कला साहित्य एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में पुरूस्कृत प्रतिभाओं को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में बतौर अतिथि मौजूद पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया, भाजपा युवा नेता सुभाष चौधरी ने कहा की काफी मेहनत के बाद बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी रहकर परिजनों व समाज का नाम रोशन करते है, इसलिये समाज का दायित्व बनता है की इनका सम्मान कर हौसला बढ़ाना चाहिये।

प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए।

समिति अध्यक्ष अमरचन्द दम्बीवाल ने बताया कि महिलाओं व बालिकाओं ने महिला चैयर रेस, चम्मच दौड, बच्चों ने सौ मीटर दौड, हाऊजी में भाग लेकर लुप्त उठाया। इस दौरान उपाध्यक्ष नाथूलाल तुंगरिया, कोषाध्यक्ष कैलाश किरोडीवाल सहित समाज के सरपंच, पार्षद, पंचायत समिति सदस्य व समाज बंधु मौजूद रहे।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.

क्रमांक/न.प.कि/कृ.भूमि/2024/381 दिनांक: 07-08-2024

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 26, 28, 35, 36, 41 पर स्थित आवासीय (भूखण्ड सं. C-27 क्षेत्रफल 244.44 वर्गगज मे से पूर्व - उत्तर दिशा की तरफ विखण्डित भूखण्ड क्षेत्रफल 122.22 वर्गगज) पर श्री दीनदयाल सिंह पुत्र श्री ईश्वर सिंह ने आवेदन प्रस्तुत कर उपविभाजन चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में - रास्ता 60 फीट चौडा पश्चिम में - भूखण्ड संख्या सी-37, सी-38

उत्तर में - भूखण्ड संख्या सी-26 दक्षिण में - भूखण्ड संख्या सी - 27 का शेष भाग

उक्त उपविभाजन प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन कि दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगरपालिका, पुष्कर जिला अजमेर, राजस्थान

क्रमांक/नपापु/भूमि/2024/1157 दिनांक-04-09-2024

उजरदारी सूचना

एतद्व द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा 69-ए पट्टा हेतु आवेदन पेश किया है। अतः आवेदक के बख्शीशुदा/खरीदशुदा सम्पत्ति हक हकूक एवं मालिकाना स्वामित्व संबंधी किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय प्रमाण प्रस्तुत करें। आपत्ति समयावधि बाद प्रस्तुत करने पर मान्य नहीं होगी तथा पालिका द्वारा नियमानुसार 69 ए पट्टे की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी, जिसके बाद में कोई आपत्ति/उजर मान्य नहीं होगा। भवन निर्माण स्वीकृति का विवरण निम्नानुसार है।

क्र स	आवेदक का नाम मय पिता/पति	स्थान जहाँ सम्पत्ति स्थित है	चतुर्थी सीमा	क्षेत्रफल
1	श्रीमती अर्चना शर्मा पत्नि श्री अनिल शर्मा	प्लॉट नं. 54, विनायक नगर तृतीय पुष्कर	पूर्व- प्लॉट नं. 57 पश्चिम- रोड उत्तर- प्लॉट नं. 55 दक्षिण-चावण्डिया रोड	239.16 वर्गगज

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका पुष्कर

स्कूली अवकाश की मांग

अजमेर, (कासं)। अजमेर शहर में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही भारी वर्षा और आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी किए गए अलर्ट के कारण शहर का जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ऐसे में छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसे ध्यान में रखते हुए महावीर इंटरनेशनल अजयमेरू के संरक्षक कमल गंगवाल व सीए प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सीए विकास अग्रवाल ने जिला कलेक्टर, अजमेर से यह मांग की है कि कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यालयों में 11 और 12 सितंबर 2024 को अवकाश घोषित किया जाए।

गौरतलब है कि वर्तमान में अधिकांश विद्यालयों के परिसर और वहां तक पहुंचने वाले मार्ग जलमग्न हो चुके हैं, जिससे छात्रों के लिए स्कूल पहुंचना जोखिमपूर्ण हो गया है। अभिभावक पंकज गंगवाल व संजय कुमार जैन ने भी जिला प्रशासन से इस मामले में तुरंत निर्णय लेने की अपील की है, ताकि किसी भी तरह से छात्रों और उनके परिवारों की सुरक्षा के साथ समझौता न हो।

क्षेत्रीय अध्यक्ष की आधिकारिक यात्रा संपन्न

अजमेर, (कासं)। लायन्स क्लब अजमेर द्वारा वैशालीनगर स्थित लायंस भवन मे क्षेत्रीय अध्यक्ष की अधिकारिक यात्रा संपन्न कराई गई । इस अवसर पर शिक्षको का सम्मान भी किया गया। डिस्ट्रिक मीडिया कॉर्डिनेटर एमजेएफ लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि क्लब की गतिविधियों, भावी योजनाओं एवम सेवा कार्यो से अवगत कराने के लिए क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन डॉ पी के शर्मा की अधिकारिक यात्रा संपन्न कराई गई।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मेलविन जॉन्स की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर की गई। ध्वज वन्दना लायनेड सन्तोष कौर द्वारा पढ़ी गयी। स्वागत भाषण क्लब अध्यक्ष लायन भागू इसरानी ने दिया । सचिव लायन सतीश भटनागर ने अपना सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ मधुर मोहन रंगा ने अपने उद्बोधन में शिक्षक दिवस के महत्व को बहुत ही सुंदर ढंग से उल्लेखित किया। मीनू मनोविकास विद्यालय चाचियावास की अध्यापिका मंजुला कँवर ने बताया कि वे किस तरह दिव्यांग बच्चों का हौसला अफजाई करती हैं उन्हे कॉम्पिटेशन में लेकर जाती हैं और फिर बच्चे अवार्ड जीतकर भी आते हैं उनके इस कार्य को सभी ने सराहा। कार्यक्रम में गवर्नमेंट कालेज के प्राचार्य मनोज बहरवाल, सुप्रभात कबिराज, सन्त कुमार सिंह, अर्चना मिश्रा उपस्थित रहें। कार्यक्रम संयोजिका लायन सुषमा शर्मा ने मंच संचालन बखूबी किया। सम्मानित शिक्षको को क्रमवार मंच पर आमंत्रित कर अतिथियों द्वारा माला, शाल, उपहार देकर सम्मानित किया गया। लायन नीता भटनागर ने लायन सदस्यों के जन्मदिन एवं शादी की वर्षगांठ पर शुभकामनायें प्रेषित की। लायन राम प्रकाश शर्मा ने सभी अतिथियों एवम उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

- **शिक्षको को किया सम्मानित**

आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

मेड़ता सिटी, (निसं)। मेड़ता प्रेस क्लब के सदस्यों ने पत्रकार मौलाना मोईन आजाद के घर पर हुए हमले के विरोध में पुलिस उप अधीक्षक पिंटू कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोपियों की गिरफ्तारी कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई। यह हमला कुछ दिन पहले मौलाना मोईन आजाद के घर पर हुआ था, जिससे पत्रकार जगत में भारी आक्रोश व्याप्त है।

प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने इस घटना पर गहरी चिंता जताई। क्लब के संरक्षक पुखराज टाक और वीरेंद्र वर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं पर तुरंत रोक लगनी चाहिए और प्रशासन को दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए। प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुशील दिवाकर ने राजस्थान में पत्रकारों पर हो रहे लगातार हमलों पर चिंता व्यक्त की और कहा कि सरकार को पत्रकार सुरक्षा कानून जल्द से जल्द लागू करना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

चैन खिचने वालों व अनाधिकृत वैंडरो के विरुद्ध कार्यवाही

अजमेर, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर मण्डल मे रेलवे सुरक्षा बल (आर पी एफ़) द्वारा दीपक कुमार आजाद मंडल सुरक्षा आयुक्त, अजमेर के निर्देशन में 01 अगस्त से 31 अगस्त 2024 तक रेल सीमा में अनाधिकृत रुप से प्रवेश की रोकथाम के लिये 98 कार्यवाही करते हुए जागरूता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रेल सीमा के समीप के गांवों, पंचायतो व स्कुलों में 2091 व्यक्तियों को समझाईश की गई तथा अनाधिकृत रुप से रेल सीमा में प्रवेश करने वाले 160 व्यक्तियों के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 147 के तहत कार्यवाही कर मामले दर्ज किये गए । जिसमें 137 व्यक्तियो पर रेलवे कोर्ट द्वारा कार्यवाही करते हुए 13हजार 800 रुपये जुर्माना किया गया।

यात्रियो के सामान की सुरक्षा के लिये रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन अमानत अभियान के तहत यात्रियो का भूलवश छूटे सामान को यात्रियो की पहचान कर 48 यात्रियो का छूटा सामान जिसकी अनुमानित मुल्य 685798 रूपये लोटाया गया।

- **442 व्यक्तियों के विरुद्ध मामले दर्ज**

इसी प्रकार अजमेर मण्डल रेलवे सुरक्षा बल द्वारा सवारी गाडियों में एसीपी (बेवजह चैन पुलिंग) की रोकथाम के लिए सवारी गाडियो में यात्रियों को जागरुक करने के लिये अभियान चलाये गये, अभियान के दौरान रेलवे सुरक्षा बल स्टाफ द्वारा लाउड हैलर एवं पी.ए सिस्टम का उपयोग किया गया व यात्रियों को एसीपी नही करने बाबत पम्पलेट बांटे गये व समझाईश की गई। सवारी गाडियों में एसीपी की रोकथाम के लिए एस्कोर्टिंग हेतु महिला व पुरुष बल सदस्यों को तैनात किया गया । सवारी गाडियों में अनाधिकृत रुप एसीपी करने वाले 118 व्यक्तियों के विरुद्ध रेसुब द्वारा रेलवे एक्ट की धारा 141 के तहत कार्यवाही करते हुए मामले दर्ज किये गये।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.

क्रमांक/नपाबि./भूमि/2024/2899 **आम सूचना** दिनांक: 09/09/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कोलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेंगे। अतः इन मूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो मय दस्तावेजी/प्रमाण के समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपति 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें मान्य नहीं होगी।

क्र. सं.	पत्रावली नं.	आवेदक का नाम	योजना/ग्राम का नाम	खसरा सं.	भू.सं.	क्षेत्र
1.	22	प्रहलाद जाट/ जगनाथ जाट	कृष्ण सुदामा नगर	63/6	21	125.00 वर्गगज

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

भादवी छठ के पावन पर्व पर देवसेना द्वारा भगवान श्री देवनारायण की निकाली रथ यात्रा

आसींद, (निसं)। भादवी छठ के पावन पर्व पर देवसेना द्वारा भगवान श्री देवनारायण के रथ यात्रा मंगलवार दोपहर पंचायत समिति देवनारायण मंदिर से महंत 1008 सुरेश दास महाराज के सानिध्य में भगवान श्री देवनारायण की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया।

रथ यात्रा में देवसेना के युवा कार्यकर्तागण युवक युवतियाँ महिलाएं पुरुष अपनी वेशभूषा में भगवान देवनारायण के जयकारों के साथ शामिल हुए रथ यात्रा प्रताप सर्कल मुख्य बाजार बड़ा मंदिर गांधी चौक आसींद बस स्टैंड होते हुए अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल सवाई भोज मंदिर पहुंचे त जहां देव भक्तों द्वारा हाथ में निशान लिए हुए थे जो मंदिर पर निशान चढ़ाए गए वही सैकड़ो की संख्या में दुपहिया वाहन चौपहियां वाहन एवं देव भक्त पैदल नाचते गाते मंदिर स्थल पर पहुंचे जहां भगवान देवनारायण की महा आरती की गई महा आरती के बाद खीर का प्रसाद वितरण किया गया लीलाधर घोड़े का 1113 वा जन्मदिवस मनाया गया। इस मौके पर आसींद नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए नगर में कई जगह देव भक्तों के स्वागत के लिए पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर आसींद बस स्टैंड पर मुस्लिम समाज की ओर से भी मुस्लिम युवाओं द्वारा देव भक्तों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया ।

इस अवसर पर देवसेना जिला अध्यक्ष लादू लाल गुर्जर, पूर्व मंत्री कालू लाल गुर्जर, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर, रामप्रसाद धाबाई, पूर्व विधायक लक्ष्मी लाल गुर्जर, पूर्व डेरी चेयरमैन छोगा लाल गुर्जर, मनसुख सिंह गुर्जर, उप प्रधान करेड़ा सुखलाल गुर्जर, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष धनराज गुर्जर गुलाबपुरा, देवसेना जिला महामंत्री ओम प्रकाश गुर्जर, पारसमल गुर्जर धर्मी चंद गुर्जर, रामचंद्र पायलट ,नारायण लाल गुर्जर सहित पुजारीगण, संत महात्मा प्रबुद्धजन, उपस्थित थे त इस मौके पर गुर्जर समाज के सैकड़ो की संख्या में लोग एवं युवा देव सैनिकों ने भगवान देवनारायण की रथ यात्रा में मौजूद रहे ।

आसींद नगर में देवसेना की ओर से विशाल रथ यात्रा निकाली गई।

अंबेडकर युवा मंच आसींद द्वारा आसींद कस्बे में देवसेना के द्वारा निकाली गई विशाल पदयात्रा का किया स्वागत अभिनंदन: भादवी छठ के पावन अवसर पर देवसेना के द्वारा निकाली गई विशाल रथ यात्रा का आसींद बस स्टैंड पर अंबेडकर युवा मंच के सदस्यों के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया गया विदित है कि आसींद कस्बे के अंतरराष्ट्रीय तीर्थ स्थल सवाई भोज मंदिर में भादवी छठ के पावन पर्व को लेकर विशाल रथ यात्रा का आयोजन किया गया जिसका जगह-जगह पर स्वागत अभिनंदन किया गया इसी के तहत अंबेडकर युवा मंच के सदस्यों ने भी आसींद बस स्टैंड पुलिस चौकी के सामने अंबेडकर सर्किल के पास एकत्रित होकर विशाल रथ यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया गया अंबेडकर युवा मंच आसींद द्वारा देवसेना विशाल रथयात्रा वह पदयात्रा का माला, पुष्प वर्षा कर , अतिथियों को साफा बंधवाकर स्वागत सत्कार किया गया, पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर ने जय भीम की उद्घोष की, आवाज दो हम एक हैं के नारे एवं देवनारायण भगवान के जय घोष के साथ पदयात्रा में सभी देव भक्त मौजूद रहे यह कार्यक्रम अंबेडकर सर्किल आसींद पर किया गया।एवं डीजे के साथ नाचते गाते हुए रथ यात्रा सवाई भोज पहुंची। कार्यक्रम के दौरान अंबेडकर सर्किल पर लगे हुए अंबेडकर साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण किया।

कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार रेगर, शांतिलाल जीनगर, राधेश्याम ऐरवाल, सोनू रेगर, लक्ष्मण रेगर, नितेश रेगर, अशोक बैरवा, श्यामलाल बलाई, ए.के पहाड़िया, विनोद रेगर, हेमंत अटवाल, पहेलाद नावलिया, दिनेश खटीक, सभी अंबेडकर युवा मंच के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मुस्लिम समाज आसींद की तरफ से भव्य पुष्प वर्षा :भादवी छठ के मौके पर देवसेना द्वारा निकाले जाने वाली रथ यात्रा का भी मुस्लिम समाज आसींद की तरफ से भव्य पुष्प वर्षा करके और समाज के जनप्रतिनिधियों का अतिथियों का साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर सदर याकूब मोहम्मद, शेख शब्बीर, कंपाउंडर ,पूर्व सदर अब्दुल कलाम शेख, गरीब नवाज चैरिटी ट्रस्ट के अध्यक्ष अहमद नूर डायर, खातोला सदर इकबाल भाई रंगरेज, शकील पठान, मिलन वाटिका आरिफ पठान आदि लोग उपस्थित थे।

उड़नदस्तों की रहेगी निगरानी

नागौर, (निसं.)। वीर तेजाजी महाराज की जन्म स्थली खरनाल एवं ग्राम मुदियाड़ में श्री गजानन्द जी महाराज के मन्दिर में आयोजित होने वाले मेलों में कानून व व्यवस्था बनाये रखने के लिए परिवहन विभाग द्वारा उड़नदस्ते लगाए गए हैं जो मेले में वाहनों पर निगरानी रखेंगे। 12 से 13 सितंबर तक उड़नदस्ता संख्या 23 की ड्यूटी लगाई गई है।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.

क्रमांक/नपाबि./भूमि/2024/2924 **आम सूचना** दिनांक: 09/09/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कोलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगें। अतः इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो मय दस्तावेजो/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपति मान्य नहीं होगी।

क्र. सं.	पत्रावली नं.	आवेदक का नाम	योजना/ग्राम का नाम	खसरा सं.	भू.सं.	क्षेत्र
1.	25	बालमुकुन्द शर्मा/ शंकरलाल शर्मा	प्राज्ञ नगर, बरल द्वितीय	790, 792	07 में शॉपिंग सेन्टर नं. 01	16.67 वर्गगज
2.	26	रामप्रसाद शर्मा/ शंकरलाल शर्मा	प्राज्ञ नगर, बरल द्वितीय	790, 792	06 में शॉपिंग सेन्टर नं. 01	16.67 वर्गगज

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल नावां शहर जिला डीडवाना-कुचामन (राजस्थान)

टेलीफैक्स :- 01586-263157 ई-मेल :- npnawa@gmail.com

क्रमांक :- न.पा.नावां/2024-2025/1280 दिनांकः-09.09.2024

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है निम्न वर्णित आवेदक द्वारा कृषि भूमि नियमन,भवन निर्माण अनुज्ञा हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है जिसमें नियमानुसार कार्यवाही की जानी है। अतः कृषि भूमि नियमन जारी किये जाने हेतु यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र. सं.	आवेदक पिता/पति का नाम मय पता	भूखण्ड के आस-पड़ोस				प्रयोजन
		उत्तर	दक्षिण	पूर्व	पश्चिम	
01	श्रीमति संतोष पत्नि ओमप्रकाश निवासी नावां व श्रीमति सरीता अग्रवाल पत्नि बसंत कुमार निवासी नावां	रसोई धर्मकांटा	पारस साल्ट	कमलादेवी की जमीन	आम रास्ता 40 फीट	कृषि भूमि नियमन

राज.संवाद/सी/24/4978 अधिशाषी अधिकारी

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

पूरक परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों हेतु ऑनलाईन आवेदन करने एवं शुल्क जमा कराने बाबत सूचना

वर्ष 2024 की पूरक परीक्षाओं में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों हेतु ऑनलाईन आवेदन आवेदन करने एवं शुल्क जमा कराने बाबत अंतिम तिथियां निम्नानुसार है-

परीक्षा शुल्क	ऑनलाईन फार्म भरने एवं चालान मुद्रित करने की अन्तिम तिथि	परीक्षा शुल्क बैंक में जमा कराने की अंतिम तिथि	आवेदन पत्र एवं चालान नोडल केन्द्र पर जमा कराने की अंतिम तिथि
1. सामान्य परीक्षा शुल्क	17.09.2024	19.09.2024	21.09.2024
2. एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित	25.09.2024	27.09.2024	28.09.2024
3. मुख्य परीक्षा, 2025 के परीक्षार्थ भरे गये आवेदन पत्रों में ऑनलाईन संशोधन की तिथि	27.09.2024 से 04.10.2024		

परीक्षा शुल्क नियमित परीक्षार्थियों के लिए 600/- तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिये 650/- निर्धारित है। प्रायोगिक परीक्षा शुल्क रू. 100/- प्रति विषय पृथक से देना होगा। विद्यालय एवं परीक्षार्थी मूल अंकतालिकाओं का इन्तजार नहीं करें एवं परीक्षा शुल्क जमा कराने की कार्यवाही शीघ्र करें। विशेष योग्यजन (दिव्यांग) तथा युद्ध में वीरगति को प्राप्त अथवा अपाहिज सैनिकों के पुत्र/पुत्रियों/पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों के आश्रितों को परीक्षा शुल्क से मुक्त रखा गया है, किन्तु इन्हें टोकन शुल्क 50/- रू. जमा कराना होगा। अधिक जानकारी बोर्ड वेबसाईट http://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। बोर्ड कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर 0145-2632866, 2632867, 2632868 पर सम्पर्क किया जा सकता है। Email ID : ddexamfirst@gmail.com सचिव